Rajasthan Patrika, Page No. - 02.
Date :- 31/05/2026.

# रात के समय मेट्रो ट्रेन भी दौड़ेगी

फाइनल मैच देखने आने वाले क्रिकेट प्रेमी आसानी से स्टेडियम सेअपने गर पहुंच सकें इसके लिए गुजरात मेट्रो रेल कोर्पोरेशन (जीएमआरसी) ने रात 10 बजे से मध्यरात्रि 12.30 व उसके बाद तक मेट्रो ट्रेन को दौड़ाने की घोषणा की है। इसके तहत मोटेरा से एपीएमसी रूट पर रात 10 बजे बाद से 12.30 बजे तक, ओल्ड हाइकोर्ट इंटरचेन्ज से वस्त्राल गाम रूट पर रात 12.50 बजे तक, थलतेज गाम तक 12.50 बजे तक और मोटेरा से महात्मा मंदिर गांधीनगर रूट पर रात 11.40 से रात 12.10 बजे तक ट्रेन दौड़ाई जाएगी। हालांकि इसके लिए ग्राहकों को अलग से 50 रुपए प्रति यात्री की पेपर टिकट खरीदनी होगी।